HINDI DEFINITIONS

Rupert Snell

HINDI URDU FLAGSHIP, UNIVERSITY OF TEXAS AT AUSTIN

rupertsnell@mail.utexas.edu

Here are some dictionary definitions — given *without* the headwords they define. To score one point, identify the headword in English; for a second point, give the Hindi word.

The definitions are based on Kalika Prasad (ed.), बृहत् हिन्दी कोश 3rd edn, Varanasi (N.d.)

अपना नाम यहाँ लिखिए ________________

	DEFINITION	ENGLISH	HINDI
E.g.	बड़ा मकान; राजा-रईसों का मकान ।	palace	महल
1	एक सूँड़दार चौपाया जो बहुत बड़ा होता है और पालतू बनाकर सवारी के काम में लाया जाता है ।		
2	क़स्बे से बड़ी और समृद्ध बस्ती जिसमें अनेक जातियों और पेशों के लोग बस्ते हों ।		
3	लकड़ी, संगमर्मर आदि की बनी हुई ऊँची चौकी जो खाना खाने, लिखने आदि में आधार के रूप में काम में लायी जाती है ।		
4	नदी, सोता, खाई आदि पार करने का वह साधन जो नाव पाटकर अथवा खंभों पर पटरियाँ आदि बिछाकर या पक्की जोड़ाई करके बनाया जाता है ।		
5	भाव-प्रकाश करने का साधन; किसी विशेष देश या जन-समाज में प्रचलित शब्दावली और उसे बरतने का ढंग ।		
6	जनता के जान-माल और शांति की रक्षा का प्रबंध करनेवाला सरकारी महकमा; इस महकमे के कर्मचारी ।		
7	बाँस या लकड़ी के डंडे के सिरे पर पहनाया हुआ तिकोना या चौकोना कपड़ा जो रा ट्र आदि के प्रतीक के रूप में लाया जाता है ।		
8	वह वस्तु जिससे हवा की जाती है ।		

9	इस तरह स्थित होना कि चूतड़ जमीन या किसी आसन पर टिका रहे और कमर से ऊपर का धड़ उसके बल सीधा रहे ।		
10	एक लता जिसके पत्ते सुपारी, कत्था आदि के साथ मुख-शुद्धि के लिए खाये जाते हैं ।		
11	गो-जातीय मादा पशु जो दूध देनेवाले पशुओं में सर्वप्रधान और हिन्दू धर्म में पूज्य मानी जाती है ।		
12	लोहे की पटरियों पर चलनेवाली गाड़ी ।		
13	राज्य के किसी विभाग का वह प्रधान अधिकारी जिसकी सलाह से उस विभाग का कार्य संचालन हो ।		
14	भूगर्भस्थ जल या तेल निकालने के लिए खोदा गया बहुत गहरा और साधारणतः गोला (कच्चा या पक्का) गढ़ा ।		
15	गाड़ी, कल आदि का वह गोलाकार अवयव जिसके धुरी पर घूमने से वह कल या गाड़ी चलती है ।		
16	भारतवर्ष की एक प्रधान और पवित्रतम नदी जिसका भगीरथ के तप से स्वर्ग से पृथ्वी पर आना माना गया है ।		
17	एक प्रसिद्ध लिपि जिसमें संस्कृत, हिन्दी, मराठी आदि भाषाएँ लिखी जाती हैं ।		
18	सुलगती या जलती हुई लकड़ी आदि से निकलनेवाला भाप-जैसा हलका काला पदार्थ ।		
19	धर्मशास्त्र के अनुसार वह स्थान जहाँ पापियों की आत्माओं को अपने कुकृत्यों का फल भोगने के लिए जाना पड़ता है ।		
20	कल्पित और काफी लंबी कहानी जिसमें प्रायः बहुत-से पात्र हों तथा जीवन की विविध बातों का चित्रण हो ।		
21	उत्तर के सामने की दिशा ।		
22	वह व्यक्ति जो शाक ही खाता हो, मांस न खाता हो ।		
23	कास्टिक सोडा, सज्जी, तेल आदि के योग से प्रस्तुत एक प्रसाधन जिसे रगड़ने से फेन निकलता और जो शरीर, कपड़े आदि साफ करने के काम आता है ।		
24	सौ हज़ार की संख्या ।		
25	नाव आदि से उतरने का स्थान; नदी, झील आदि में वह स्थान जहाँ लोग नहायें-धोयें, जानवर पानी पियें, धोबी कपड़ा धोयें ।		